## खबर संक्षेप

### जय गुरुदेव बाबा का तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम

**दमुआ।** गुरु पूर्णिमा 2024 के पावन पर्व के उपलक्ष में निज धाम वासी जय गुरुदेव जी महाराज और वक्त समर्थ गुरु बाबा उमाकांत जी महाराज द्वारा सत्संग व नामदान का कार्यक्रम दिनांक 19 जुलाई से 21 जुलाई स्थान निकट बाबा उमाकांत जी महाराज आश्रम जयपुर अजमेर रोड टोल टैक्स से पहले से पहले ठीकरिया जयपुर राजस्थान में सत्संग का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप परिवार इष्ट मित्रों से निवेदन है सत्संग में आकर सुख शांति जीवात्मा के कल्याण का रास्ता ले लीजिए यह कार्यक्रम किसी विशेष धर्म और राजनीति से परे है इससे आप सभी जाति मजहब के मानने वाले लोग सरिक हो सकते हैं । परम पूज्य जय गुरुदेव जी महाराज के शिष्यो ने सभी नागरिक गणो से आग्रह किया है कि भारी से भारी संख्या में इस सत्संग में इस कार्यक्रम में भाग ले व कार्यक्रम को सफल बनाये।

### मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ पौधारोपण



**जुन्नारदेव।** शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल जुन्नारदेव में मां के नाम एक पौधे का वृक्षारोपण किया गया है। जिसमें शाला के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे ।इस आयोजन के लिए काली मंदिर डूंगरिया के सुशील मिश्रा धार्मिक संस्थान के प्रमुख ने अपने पर्यावरण को बचाने के लिए व्याख्यान दिया ।जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के लिए आम,जामुन,नीम तुलसी, नींबू, अश्वगंधा,गुलाब इत्यादि पौधों का रोपण किया।इस आयोजन में विशाल श्रीवास्तव खंड संयोजक ने भी सहयोग दिया। इस अवसर पर शाला में उपस्थित शाला प्रभारी श्रीमति सरिता सिंह अनिल साहू,अजय नागेश्वर,श्री गणेश यदुवंशी के माध्यम से शाला परिसर में पौधों का रोपण किया गया।

## विभिन्न संगठनों और शहरवासियों ने पुष्पवर्षा से किया मुख्यमंत्री डॉ.यादव का भव्य एवं आत्मीय अभिनंदन

# सीएम डॉ.यादव के अमरवाड़ा में आगमन पर स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने छिंदवाड़ा जिले के अनुविभाग अमरवाड़ा पहुंचे। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस और जनसभा में शामिल होने से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.यादव रैली में शामिल हुए और अमरवाड़ावासियों का अभिवादन किया। अमरवाड़ा शहर के एक्सचेंज ऑफिस से प्रारंभ यह रैली श्री दीक्षित के घर के सामने से होती हुई श्री नेमा, गुरुकुल स्कूल, श्री वर्मा, श्री भानम, श्री विश्वकर्मा के घर के सामने से होती हुई वार्ड नबर-14 के गेट के सामने से चौरई रोड तिराहा, श्री ठाकुर के घर के सामने से बस स्टैंड, प्रेम मार्केट, मंगल भवन, श्री जैन के घर के सामने से फव्वारा चौक, थाने के सामने, दाऊ मढिया, श्री जैन की दुकान के सामने से मंदिर गेट के सामने, श्री चचड़ा के घर के सामने से गंज बाजार, श्री राजेंद्र ज्वेलर्स के सामने से चर्च के सामने, श्री जैन की दुकान के सामने से जनपद, नगरपालिका गेट होती हुई बरात घर के सामने समाप्त हुई।



### लोकनृत्य के माध्यम से किया गया मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्वागत

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के अनुविभाग अमरवाड़ा पहुंचे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के भोपाल से अमरवाड़ा के ग्राम सकरवाड़ा हैलीपेड आगमन पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्प गुच्छ और पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री शेषराव यादव, श्री संतोष पारिक, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर, नगर पालिक निगम में नेता प्रतिपक्ष श्री विजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संभागीय कमिश्नर श्री अभय कुमार वर्मा, डीआईजी श्री सचिन अतुलकर, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री, ए.एस.पी.श्री अवधेश प्रताप सिंह, एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा, एसडीओपी अमरवाड़ा श्री सौरभ तिवारी सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक और आमजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्थानीय आदिवासी नर्तक दल द्वारा सैतम लोकनृत्य के माध्यम से भी परंपरागत तरीके से आत्मीय स्वागत किया गया। रैली के दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव सुसज्जित रथ पर सवार थे, जिसमें खजुराहो सांसद श्री बी.डी.शर्मा, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह व श्री टीकाराम चंद्रवंशी उनके साथ थे। हेलीपैड से अमरवाड़ा नगर में आगमन पर रैली के पूरे मार्ग में जगह-जगह जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, शहरवासियों के साथ ही विभिन्न संगठनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री डॉ.यादव पर पुष्पवर्षा कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इन संगठनों में बंजारा समाज, ग्रामीण मंडल, लोधी समाज, ऑटोमोबाइल यूनियन, विश्वकर्मा समाज, ठिलिया संघ, वंशकार समाज, ड्राइवर यूनियन, ठाकुर समाज, यादव समाज, सूर्यवंशी समाज, चौरसिया समाज, सोनी समाज, जैन समाज, मालवीय समाज, पंजाबी समाज, व्यापारी मंडल, नेमा समाज, चिरौंजी व्यापारी, गर्मेटा समिति, सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ, सरपंच संघ, नगरपालिका कर्मचारी, नगरपालिका के अध्यक्ष एवं पार्षदगण व मेहरा समाज सहित अन्य संगठन शामिल थे। एक ओर जहां विभिन्न संगठनों, शहरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प और पंखुड़ियों की वर्षा कर मुख्यमंत्री डॉ.यादव का बड़े ही उत्साह के साथ भव्य आत्मीय स्वागत किया, वहीं मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने भी अमरवाड़ावासियों के स्नेह से अभिभूत होकर उन पर पुष्पवर्षा की और दोनों हाथों से उनका आत्मीय अभिवादन किया।



### प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास से रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिये निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का निर्णय लिया गया है। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिये 20 जुलाई को जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को सफल बनाने छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा स्थित तुलसा होटल में उद्योग संघों व उद्योगपतियों की बैठक में यह विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमियों के साथ बाहर के उद्यमियों को जोड़कर प्रदेश के सभी अंचल में सरकार समान रूप से विकास करना चाहती है । जिसमें कृषि, रोजगार, व्यापार, पर्यटन आदि की दिशा में एक नये उपलब्धि को हासिल किया जा सके। इसमें कई सारी कठिनाईया आती है लेकिन सकारात्मक सोच से आगे बढ़कर उनका निराकरण करें। छोटे-बड़े, मझौले सभी उद्यमी सरकार के साथ कदम-कदम से मिलाकर चलेंगे, तो विकास की एक नई धारा प्रवाहित होगी। अभी तक इंदौर में इंडस्ट्री सम्मिट होती थी, लेकिन अब यह प्रदेश के अन्य भागों में भी होगी और वहां के औद्योगिक कठिनाईयों को दूर किया जायेगा। उन्होंने उद्योग संघों व उद्योगपतियों से कहा कि वे निवेश को प्रोत्साहित करें। इसके लिये उन्हें औद्योगिक नीति अनुसार सुविधा सुनिश्चित की जायेगी। 5 साल में प्रदेश की जीडीपी को डबल करने के लक्ष्य रखते हुये मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि निवेश को प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार जो बेहतर हो सकता है उस दिशा में निवेश में अनुकूलता लाना है। औद्योगिक विकास के लिये प्रदेश में पर्याप्त लेंड बैंक है। बैठक में उन्होंने औद्योगिक निवेश में रोजगार मूलक गतिविधि और स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण पर जोर दिया गया । उन्होंने उद्योगों के स्थापना में सब्सिडी का जिक्र करते हुये बॉयर-सेलर के बीच की कठिनाईयों को दूर कर उद्योग और व्यापार की दिशा में आगे बढ़ने को कहा। इन सब बातों में उन्होंने स्थानीयता को विशेष महत्व देते हुये कहा कि स्थानीय स्तर पर कच्चा माल को उपयोगी बनाये और रोजगार पाने वालों की संख्या बढ़ायें। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी जिला कलेक्टरों से उद्योग और व्यापार संघों की कठिनाईयों को समझने तथा उसे दूर करने और निवेश को प्रोत्साहन करने के लिये कहा, ताकि लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिले और उनकी बेहतरी के लिये सुझाव भी हो। उन्होंने दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के सफल प्रयास पर जोर दिया। इसके साथ ही कहा कि जिला प्रशासन संभावित उद्योगों की जानकारी बतायें जिससे पूरे संभाग में उद्योगों की संभावनाओं की दिशा में कारगर कार्य किया जा सके।

### नवजवानों को औद्योगिक गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रेरित करने पर दिया जोर

खजुराहों सांसद श्री वी.डी.शर्मा ने कहा कि आपके विकास, आपके लिये और आपके द्वारा हो, इसलिये 20 जुलाई की तैयारियों को लेकर आज उद्योगपतियों की बैठक आयोजित की। प्रदेश के विकास में छोटे-छोटे उद्यमियों के विजन का भी सम्मान करें। उन्होंने औद्योगिक समस्याओं के निराकरण के लिये सिंगल विंडो सिस्टम अपनाने को कहा। क्षेत्रीय विकास के लिये जिले के संभावनाओं को पहचानने और उस दिशा में आगे बढ़ने के साथ नवजवानों को औद्योगिक गतिविधियों में भाग लेने के लिये प्रेरित करने पर जोर दिया। उद्योग संघों की इस बैठक में छिन्दवाड़ा के उद्यमियों ने जहां प्रत्यक्ष रूप से बैठक में शामिल थे, वहीं सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा के उद्योगपतियों ने वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लिये। इस दौरान विभिन्न उद्योगपतियों ने विकास के लिये अपने-अपने विचार व्यक्त कर कुछ समस्यायें भी रखी। छिन्दवाड़ा के राकेश जुनेजा जो फूड पाउडर इंडस्ट्री से जुड़े है उन्होंने कहा कि उन्होंने लहगडुआ औद्योगिक क्षेत्र में 30 करोड़ का निवेश किया है, लेकिन वहां पानी की समस्या है। बोरगांव के उद्योगपति श्री रीतेश जैन ने मक्के फसल की बहुतायात उत्पादन को देखते हुये कॉर्न आधारित एथेनॉल प्रोजेक्ट बनाने का सुझाव दिया। साथ ही स्टार्च और फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उद्यमी श्री सुमेरसिंह ने दोहरी टेक्स नीति, तो श्री अजय सक्सेना ने औद्योगिक समस्याओं के निराकरण के लिये डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट नियुक्त करने पर जोर दिया। पांढुर्णा से उद्यमी श्री आर.एन.द्रविड ने औद्योगिक सब्सिडी, पॉवर सप्लाई पर जोर दिया। उद्योगपति श्री सुभाष बुधराजा ने औद्योगिक विस्तार करने तथा श्री जितेन्द्र पटेल ने औद्योगिक पॉलिसी को सुधार करने का सुझाव दिया। बालाघाट के उद्योगपति श्री अतुल ने कहा कि वे औद्योगिक विकास के लिये ढाई सौ करोड़ का प्रस्ताव रखे है उन्होंने पर्याप्त जमीन की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। उद्यमी श्री हर्ष द्विवेदी ने 200 करोड़ निवेश करने के संबंध में जानकारी देते हुये निवेश प्रोत्साहन फ्रेंडली होने की बात कही। सिवनी से श्री प्रत्यूष नेमा ने आईटी क्षेत्र में, तो श्री अभिषेक जेठानी ने फूड प्रोसेसिंग और योगेन्द्र पाठक ने मेगनीज यूनिट स्थापित करने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किये।औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव ने इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की समस्या के निदान के साथ औद्योगिक नीति की जानकारी देते हुये कहा कि आईटी क्षेत्र को प्रोत्साहन करने के लिये विशेष कार्ययोजना है।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता का सौंसर में हुआ आयोजन



**सौंसर।** जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीकांत शर्मा के मार्गदर्शन ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सौसर में शासकीय उमा विद्यालय घोटी की ओर से किया गया।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी प्राचार्य जितेश काले ने ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।मिली जानकारी के अनुसारइस प्रतियोगिता में ब्लॉक के 11 स्कूलों के 48 प्रतियोगियों ने भाग लिया गया।जिसमें से जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। निर्णायक भूमिका में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी पीटीआई जहीर खान (बाबा पटेल) शा प्र उ मा वि सौसर राजेश धेनुसेवक,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपेठ पीटीआई मिलिंद चारे,शास उच्चतर माध्य विद्यालय सावंगा पीटीआई नूर मोहम्मद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बैरागढ़ लीलाधर खिरडकर,के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ है।

# शिक्षा माफिया ने फिर अभिभावक से की अभद्रता

**अभिभावक ने की जिला कलेक्टर से शिकायत, पूर्व हुई शिकायत पर नहीं हुई उचित कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्राइवेट स्कूलों की मनमानियां इतनी जांच होने के बाद भी थम नहीं रही है इन स्कूलों से सांठ गांठ करने वाले स्टेशनरी संचालक जो पूर्व में भी अभद्रता के लिए कुख्यात है शुभम स्टेशनरी के संचालक ने एक अभिभावक से अभद्र व्यवहार किया कालाबाजारी मुनाफाखोरी और एक ही जगह बुक मिलने का विरोध करने पर नीच दिखाने की कोशिश की। दुकानदार की मई माह में पुस्तक मेला में अभिभावक राजेश जैन के साथ भी गाली गलौज और फर्जी बिल देने की घटना के बाद प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही न होने के कारण इस स्टेशनरी संचालक की गुंडागर्दी कम नहीं हो रही है। अभिभावक संघ के जिला मीडिया प्रभारी रोहित मालवी और रितेश राय ने कहा कि इस स्टेशनरी से जुड़े सभी स्कूल संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अब बेहद जरूरी है इससे अभिभावकों में भर का वातावरण बना हुआ है जिसके लिए प्रशासन दोषी है।




डेढ़ माह से चल रही इतनी लंबी जांच के बाद भी कोई कार्रवाई आज डेढ़ माह में नहीं हुई। इसे लेकर प्रशासन की कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं और जबलपुर जैसी कार्यवाही यहां ना होना अधिकारियों को संदेह के घेरे में ला रहा है इससे आम जनता में आक्रोश भी पनप रहा है यदि शहर के हालात बिगड़ते है तो इसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा। जिले के संवेदनशील कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह से अपेक्षा है कि वे त्वरित संज्ञान में लेकर दोषियों पर कार्यवाही करेंगे। पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निजी विद्यालय मान्यता विभाग के प्रभारी बाबू की संदिग्ध भूमिका है।

अभिभावक संघ ने चेतावनी दी है यदि दोनों मामलों में संबंधित स्कूल संचालको के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की तो धरना आंदोलन किया जाएगा और ऐसे भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं ने दिखाया खेल प्रतियोगिता में अपना हुनर

**सौंसर।** मंगलवार को सौसरविकास खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सीएम राइज स्कूल द्वारा अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन परिसर में किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सौसर विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीकांत शर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय सौसर, रेमंड स्कूल लोधीखेड़ा, एंजल स्कूल रामाकोना,ओम साई स्कूल सौसर,संकल्प स्कूल सौसर, लिटिल स्टेप बोरगांव आदि स्कूलों के छात्र छात्राओ नहीं शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाई।आयोजन को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री शर्मा ने कहा की सभी बच्चों ने मेहनत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए। शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद भी अत्यंत आवश्यक है। जो बच्चे यहां चयनित होंगे वह जिला संभाग राज्य राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।विकास खंड खेल प्रभारी श्रीमती वंदना देशभ्रतार के द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा की सभी छात्र-छात्राओं के साथ खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते प्रतियोगिता में भाग लेकर विजयी होना चाहिये, प्रतियोगिता में खेल प्रशिक्षक कोच संजय भुजाडे, दर्शन लोनारे,डिंपल गावंडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कलेक्टर ने सुनी जनसुनवाई में 129 आवेदकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एसडीएम श्री सुधीर जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 129 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । आज जनसुनवाई में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने, फौती नामांतरण दर्ज करने, नल-जल व्यवस्था करने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी । एसडीएम श्री जैन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### जिले में अभी तक 314.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 314.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 467.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 16 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 8.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 16 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 17.2, मोहखेड़ में 15.2, अमरवाड़ा में 4.2, चौरई में 13, हर्रई में 20.2, बिछुआ में 6.2, जुन्नारदेव में 0.4 और चांद में 15.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 278.3, मोहखेड़ में 411.6, तामिया में 308, अमरवाड़ा में 425.8, चौरई में 339.6, हर्रई में 231, बिछुआ में 349.2, परासिया में 260.8, जुन्नारदेव में 214, चांद में 423.2 और उमरेठ में 219.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## डीईओ बघेल ने किया शासकीय मॉडल व कन्या स्कूल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा जी.एस.बघेल द्वारा आज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा में 7 शिक्षकों में से 6 शिक्षक उपस्थित मिले। संस्था में दर्ज 386 विद्यार्थियों में से 260 विद्यार्थी उपस्थित मिले। विद्यार्थियों की कक्षाओं में जाकर उनसे बात की गई और पढ़ाई के बारे में मोटिवेट किया गया । साथ ही विद्यार्थियों को नियमित कक्षा में आने, पढ़ने की समझाईश दी गई। संस्था में साफ-सफाई बहुत अच्छी देखने को मिली। इसके बाद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा का निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी 22 शिक्षक उपस्थित मिले। आज 839 विद्यार्थियों में से 572 विद्यार्थी उपस्थित थे। स्कूल की साफ-सफाई अच्छी मिली। साथ ही एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया।

**अंधे हत्याकांड का चौरई पुलिस ने किया खुलासा, सैप्टिंक टैंक में मिला शव**

# दोस्त ने ही चरित्र पर संदेह करते हुए रॉड से कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई पुलिस ने अंधे हत्या कांड का खुलासा कर दिया है। युवक को लोहे की रॉड से सिर में मारकर की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सूचनाकर्ता सलीम बी पति शेख आमीन मंसूरी उम्र 45 साल निवासी वार्ड क्र.01 चौरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेश उर्फ राजा धुर्वे (आरोपी) से मृतक राजा उर्फ साहिब मंसूरी का चरित्र शंका को लेकर विवाद था, इसी बात को लेकर मृतक राजा उर्फ साहिब मंसूरी और राजेश उर्फ राजा धुर्वे के साथ पूर्व में दोनों के बीच लडाई



झगडा मारपीट तथा विवाद हुआ था। इसी बात की रंजिश रखते हुए राजेश उर्फ राजा धुर्वे ने दोस्त अंकित मरकाम ने दिनांक 06/07/24 को प्लान बनाया कि राजा उर्फ साहिब को मारना है जो दोनो छिंदवाडा रहकर मजदूरी करते है दिनांक 06/07/24 को अंकित मरकाम की मोटर साईकिल से छिंदवाडा से चौरई आये और इशमायरा सिटी से होते हुये चंदनवाडा रेलवे ट्रेक के पास मोटर साईकिल खडे कर पटरी से होते हुये मृतक राजा उर्फ साहिब के घर आकर छुप गये और मृतक राजा उर्फ साहिब के आने का इंतजार करते रहे कुछ देर बाद मृतक राजा उर्फ साहिब अपने नये घर तरफ आया और बैठ कर मोबाईल चलाने लगा जो राजेश उर्फ राजा धुर्वे नेराड से पीछे से एकदम से सिर के दांहिने तरफ मार दिया जिससे मृतक राजा उर्फ साहिब गिर गया और अंकित मरकाम ने भी लोहे के पाईप से मारा और दोनो लोगो ने मृत अवस्था में राजा उर्फ साहिब को सैप्टिक टैंक के अंदर डाल कर ऊपर से लकड़ी का पल्ला ढाक दिये थे।

### आरोपियों से जब्त संपत्ति

1. मोटर साईकिल क्रमांक **MP**28 **ZD** 39122. लोहे की एक राड एवं एक पाईप3. घटना वक्त पहने हुये कपडे4. मृतक एवं आरोपी के मोबाईल - 03

### गिरफ्तार आरोपीगण

1. राजेश उर्फ राजा पिता शिवप्रसाद धुर्वे उम्र 25 साल।
2. अंकित पिता महेश मरकाम उम्र 20 साल,दोनों निवासी सीताझिर थाना चौरई जिला छिंदवाडा

### पुलिस टीम की रही भूमिका

थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर, उ.नि.लता मेश्राम, सावित्री बघेल, महेन्द्र भगत, जितेन्द्र यादव, रंजीत धुर्वे, सउनि शेख असगर अली, सुशील त्रिपाठी, शैलेष ठाकुर, हिरैशी नागेश्वर, आर सतीश बघेल, योगेश मालवी, राजू भारती, कन्हैया सनोडिया एवं सायबर सेल आरक्षक आदित्य रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

## पीड़ित किसान ने मुआवजा देने प्रशासन से मांग की, लगाई गुहार

# दबंगों ने आदिवासी कृषक की खड़ी फसल में डाली जहरीली दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जगदीश धुर्वे पिता श्री सुखलाल धुर्वे, बांका नागनपुर (बदधाढ़ाना) चौरई ने बताया कि उनके स्वामित्व की ग्राम खमरा स्थित भूमि में ग्राम के दबंगो नोलराम लोधी, सरमन वर्मा, दिनेश वर्मा ने विगत दिनों जहरीली दवा डालकर लगभग डेढ़ से दो एकड़ भूमि में लगी मक्का की खड़ी फसल को पूर्णतः क्षतिग्रस्त कर दिया है । इनके द्वारा डाली गयी जहरीली दवा से पीड़ति कृषक को लाखों रूपयों की नुकसानी हुई है ।

कृषक ने मुआवजा दिलाने के लिये मुख्यमंत्री सी.एम. हेल्प लाईन, अनुसूचित जनजाति मंत्री, पुलिस अधीक्षक सहित समस्त अधिकारियों को इस संबंध में आवेदन दिया है । पीड़ति ने बताया कि उक्त दबंग व्यक्ति उसके स्वामित्व की भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं जिसकी शिकायत पीड़ति द्वारा इसके पूर्व संबंधित थाना क्षेत्र में की गई परंतु उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके चलते उन्होनें अब खड़ी फसल में जहरीली दवा डालकर उसे पूरी तरह से नष्ट कर दी है । कृषक ने बताया कि उसके द्वारा बोले जाने पर उसके साथ जाति सूचक गाली-गलौच कर अपमानित किया जाता है, उन्होनें दबंगो के विरूद्ध एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्यवाही करने की मांग की है ।

### शिक्षको की व्यवस्था के बाद ही नर्सरी शुरू की जाए - तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ

**पांढुर्ना**। म.प्र. तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष चंदशेखर इंगले के नेतृत्व में तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि नर्सरी क्लास के लिये शिक्षक एवं सहायिका की व्यवस्था करने के बाद ही नर्सरी कलास शुरू की जाना चाहिए जिससे शैक्षणीक स्तर में सुधार होगा। इन्होंने ने बताया की राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा प्रदेश में पहले प्राथमिक नर्सरी कक्षाएं खोली है किंतु बिना वित्तीय सहायता एवं अतिरिक्त शिक्षकों एवं सहायिका के अभाव में शिक्षा का स्तर उपर नहीं उठ पाया। माध्यमिक शाला में पहले से ही शिक्षको की कमी है। इस पर शिक्षको से गैर शैक्षणीक कार्य कराया जाता है। ऐसे में उन्हें नर्सरी क्लास के 5 वर्षीय बच्चों को पढाना कैसे संभव होगा। उक्ताशय की मांग करनेवालों में रामगोपाल भोयर, ज्ञानेश्वर जिचकार, शेषराव रेवतकर, ओंकार साहू, गणेश दुखी, श्रीमती नदीना धुर्वे, सविता उठाने, रंजना कोल्हे, प्रविण वाहने, संजय डाबरे एवं सुनिल भावले प्रमुख है।

## राजस्व महाअभियान के प्रथम चरण में पांढुर्ना जिले को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्ना

प्रदेशभर में 15 जनवरी से 31 मार्च तक चलाए गए राजस्व महाअभियान के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए पांढुर्ना जिले को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। प्रथम स्थान मिलने पर पांढुर्ना कलेक्टर अजय देव शर्मा और महाअभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व अमले की सराहना की जा रही है। इस अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों के निराकरण के प्रतिशत के हिसाब से पांढुर्ना जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। जबकि बुरहानपुर जिले को द्वितीय और खंडवा जिले को तृतीय स्थान मिला। राजस्व महाअभियान के प्रथम चरण की ऐतिहासिक सफलता को दृष्टीगत रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने महाअभियान के दूसरे चरण की घोषणा की है जो 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा।प्रथम चरण की सफलता को देखते हुए राज्य शासन ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान का द्वितीय चरण चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टर अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

राजस्व महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में समय-सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र व आधार से लिंक करना एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन करना है। इस दौरान डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा।

# भाजपा एवं कांग्रेस ने पार्टी कार्यालय के लिए एक ही रकबे पर मांगी भूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्ना

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके के साथ कुछ अन्य कांग्रेसियों ने कलेक्टर कार्यालय में पत्र देकर पार्टी कार्यालय के लिए शासकीय भूमि दिए जाने की मांग की। यहां उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले भाजपा ने भी पार्टी कार्यालय हेतू शासन से लीज पर भूमि की मांग की है। मजे की बात यह कि भाजपा एवं कांग्रेस ने एक ही खसरे में लीज पर जमीन मांगी है। कांग्रेस के पत्र के अनुसार मौजा ब्रम्हणी, प.ह.नं. 53, ब.नं. 262 रा.नि.म पांढुर्ना, तह. एवं जिला पांढुर्ना म.प्र. में स्थित ख.न. 499/2 रकबा 0.883 हे. कृषि भुमि काबिल कास्त (गावठान) के नामे राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह भूमि आबादी गावठान भूमि के नाम पूर्व से दर्ज है।

इस शा. भूमि में से रकबा 0.180 हे. भूखण्ड की मांग भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पांढुर्ना के निर्माण हेतु की गई है। इस स्थान भारतीय जनता पार्टी कार्यालय को भूमि दी जाने के बाद भी पर्याप्त रिक्त भूमि शेष रहती है। नियमानुसार इस शेष भूमि को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पांढुर्ना के लिये कांग्रेस ने ख.न. 499/2 का रकबा 0.883 से 0.095 हे. यानि 10000 वर्ग फिट जमीन की मांग की है।

## ब्लॉक स्तरीय रोप स्पीपिंग प्रतियोगिता संपन्न

**सौंसर**। जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार ब्लॉक से आबंटीत विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर रोप स्पीपिंग ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन नगर के ओम साई पब्लिक स्कूल मैं मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए ओम साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्राचार्य नरेश जाधव के द्वारा संपूर्ण ब्लॉक से आए हुए सभी प्रतिभागियों का सम्मान स्वागत करते हुए सभी को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं जीत के लिए बधाई प्रेषित की है।प्रतियोगिता मे ब्लॉक के 30 प्रतियोगी ने भाग लिया है। जिसमें से जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इसमें ओम साई पब्लिक स्कूल सौसर के पीटीआई संकेत बोडे,कन्या स्कूल सौसर धुर्वे,मिलिन्द चारे का सराहनीय योगदान रहा है।



## वार्ड नं 1 सड़क निर्माण कार्य पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर वार्ड वासियों के द्वारा सौसर प्रशासन एवं नपां सौसर में पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सोपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड 1 में निर्माण के दौरान ईट की उंची दिवारे बनाई जा रही है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाकर,संपूर्ण निर्माण कार्य की जाँच की जानी चाहिए।

ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका सौंसर द्वारा ठेकेदार के माध्यम से वार्ड क 1 में सिमेंट रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण स्थल टिले के रूप में है, जिसकी समतल खुदाई किये बगैर सिमेंट रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है, निर्माणाधीन सड़क आस-पास बने मकानो से 5-6 फिट उंची है। सड़क की मिट्टी रोकने हेतु रिटनिंग वॉल की जगह दिवाले बनाई जा रही है। सौसर तहसीलदार भावना मलगाम को सोपे ज्ञापन में



सामाजिक कार्यकर्ता पंकज ठाकरे ने बताया हाल ही में 15 जुलाई को निर्माणाधीन सड़क किनारे बसे कोटजावरे परिवार के मकान के पास की दिवाल जमीदोज हो गई है, जिसकी चपेट में परिवार की महिला आ गई थी। दिवाल का मलबा ईटे मकान के अंदर आ चुकी है। सड़क निर्माण और यहां पर की गई खुदाई के कारण हुआ है। इस दौरान वार्डवासी संपत को ट जा व रे , अ ल के श कोटजावरे,सुशिला कोटजावरे, विजय चौधरी,श्रीमती सोनी बासकवरेमुन्नीबाई वाडवे, कलाबाई बागडे,बेबीबाई अमाबरे,राकेश गोखे,पवन सेवतकरआदि थे।

## मुहर्रम के मौके पर शरबत का वितरण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुहर्रम के मौके पर यंग मुस्लिम कमेटी के द्वारा कटंगी शहर के बस स्टैंड में शरबत और लंगर वितरण करवाया गया. कल बुधवार 17 जुलाई को देश भर में मुहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा. इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम रविवार (7 जुलाई) से शुरू हो चुका है. ये महीना मुस्लिमों के लिए बेहद खास माना जाता है, जो कि गम के तौर पर मनाया जाता है. इस महीने में मुसलमान खास तौर पर शिया मुस्लिम पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाते हैं. इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ शहीद हो गए थे. मुहर्रम की दसवीं तारीख को मनाए जाने वाले यौमे-आशूरा के दिन ही ताजिए निकाले जाते हैं. मगर, इस बार कटंगी में यौमे-आशूरा के दिन ताजिया नहीं निकालने का मुस्लिम समाज ने पहले ही फैसला ले लिया है. मुहर्रम के महीने को लेकर शिया और सुन्नी समुदाय, दोनों की मान्यताएं अलग-अलग हैं. जहां शिया समुदाय के लोग मजलिस (इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र) करते हैं और जुलूस निकालते हैं. वहीं सुन्नी समुदाय के कुछ लोग आशूर के दिन रोज़ा रखते हैं।

## 200 से ज्यादा वनवासियों ने एसडीएम व वन विभाग एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

# वन विभाग पर कब्जे की भूमि में कृषि कार्य करने से धमकाकर रोकने का वनवासियों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

वनांचल क्षेत्र लांजी के ग्राम देवरबेली, देवलगाँव के अंतर्गत आने वाले वनांचल ग्रामों में बसे ग्रामो के वनवासी किसान भाइयो ने लांजी मुख्यालय पहुंच कर 16 जुलाई को लांजी तहसील कार्यालय पहुंच कर एसडीएम प्रदीप कौरव को अपने हक़ अधिकार पाने व वन विभाग के द्वारा अपनी मर्जी चलाकर कृषि कार्य पर रोक लगाने के खिलाफ में ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में वनवासीयों ने बताया की हमारे द्वारा वनांचल क्षेत्र में कई पीढ़ियों से हम वनवासी निवास कर रहे है । और हमारे पूर्वजो द्वारा वन भूमि पर कृषि करते आ रहे है, और अपना जीवन यापन करते चले रहे तथा वनभूमि कब्जाधारी वनवासियों द्वारा शासन के



निर्देशानुसार ₹ वनमित्र पोर्टल₹ पर 2019 में सभी वनवासियों ने अपने दावे भी प्रस्तुत किये है ।वनवासियो ने यह भी बताया की उन्होंने वनमित्र पर दावा प्रस्तुत वन विभाग की टीम के सहयोग से किया है।

**वन भूमि पर ट्रेक्टर से जुताई करने पर होगी 4 वर्ष की सजाः** वनग्राम के वनवासी किसान भाइयो ने बताया की हम कई पीढ़ीयो से वन भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे है परन्तु वन विभाग पूर्व के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा हमें भ्रमित किया जा रहा है और वन विभाग के द्वारा ग्राम में स्पीकर से एलाउंस कर कहा जा रहा है की वन भूमि पर ट्रेक्टर से जुताई कर कृषि करने पर 7 साल की सजा होगी, ऐसा तुगलिक फरमान जरी कर वनवासियों में भय का वातावरण निर्मित कर कृषि कार्य करने से रोका जा रहा है।

**वन विभाग के तुगलकी फरमान से वनवासीयों में भय :** वनवासियों ने बताया की उनका जीवन इसी वन भूमि में कृषि पर आश्रित है, परन्तु वन विभाग के इस तुगलकी फरमान से हम वनवासी काफी भयभीत हो गए है। अगर वनवासीयों को कृषि करने से रोका गया तो वनांचल छेत्र में वनवासियों के सामने आजीविका की गंभीर समस्या निर्मित हो जाएगी ।

**तीन दिवस के भीतर हो समाधान नहीं तो वनवासी करेंगे उग्रः** आंदोलनवनवासीयों ने ज्ञापन देने के दौरान कहा की अगर शासन प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस तुगलकी फरमान पर रोक लगाकर और तीन दिवस के भीतर समस्या का समाधान नहीं होता है तो आक्रोशित वनवांसीयों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी वनविभाग और प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है



हमारे द्वारा सम्बंधित वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से जानकारी लेकर जो नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही होगी, वह कार्यवाही की जायगी और वन मित्र पोर्टल पर 2005 से पूर्व से अगर काबिज है और उसमे पात्र होगे तो नियमानुसार भूमि के आवंटन होंगे और अगर पात्र नहीं पाए जाते है तो जिस तरह से वे पूर्व से खेती करते आ रहे है तो वह अवैधानिक होगा ।

**प्रदीप कौरव, एसडीएम, लांजी**



हमारे द्वारा जाँच किया जायेगा और जाँच में जो भी तथ्य निकलकर आते है तो उसके आधार पर आगे कार्यवाही की जाएंगी।

**राकेश कुमार अड़कने, एसडीओ, वन विभाग**

# कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम खोलापुर में घर में मिली 4 दिन पुरानी लाश

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चिचगांव के ग्राम खोलापुर में 04 दिन पुरानी लाश आबादी के बीच स्थित एक घर के भीतर से बरामद की गई. सोमवार की देर शाम घर के भीतर लाश होने की सूचना पुलिस को मिली. स्थानीय रहवासियों के मुताबिक सोमवार की शाम अचानक से घर के भीतर से बदबू आने लगी तब जाकर पता चला की घर के भीतर लाश है. जिसके बाद मृतक के पुत्र को सूचना दी गई. जिसने देर शाम कटंगी थाना पहुंचकर पिता की मौत की जानकारी पुलिस को दी. प्राप्त जानकारी अनुसार खोलापुर निवासी राम चौधरी की लाश उसके ही घर फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली. बताया जा रहा है कि मृतक राम चौधरी का पूरा परिवार जिसमें दो बेटे और पत्नी शामिल है. बेटा और पत्नी बाहर कमाने के लिए गए हुए थे जबकि एक बेटा बीसापुर में अपने रिश्तेदार के यहां मकान में काम कर रहा था. घर पर राम चौधरी केवल अकेला रहता था. वह मनमौजी किस्म का व्यक्ति था मतलब अपनी ही दुनिया में जीता था. मजदूरी का काम करता था और शराब पीने का आदि था. जिस कारण उसे कोई कुछ नहीं बोलता था. सुबह तड़के ही उठकर घर से गायब हो जाता था. इस वजह से किसी का उस पर ध्यान भी नहीं था. सोमवार की शाम जब घर की तरफ से बदबू आने लगी तब लोगों का ध्यान उनके घर की तरफ गया. देर शाम पुलिस ने मृतक का शव बरामद किया और पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. वही मृग कायमी कर मंगलवार को शव का पीएम किया गया. फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिरकार राम चौधरी ने फांसी लगाई है या फिर हत्या का मामला है. पुलिस ने कहां की जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट हो पाएगा।

बता दें कि लाश से इतनी अधिक बदबू चल रही थी कि मृतक के सगे संबंधी तक लाश के पास जाने से कतरा रहे थे. ऐसे में पूर्व जनपद सदस्य भाजपा नेता राजेश ठाकरे ने शव को फंदे से उतारा. राजेश ठाकरे ने इस पूरी घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन पर भी सवाल उठाए है. दरअसल, सोमवार की रात ही शव को अस्पताल लाया गया. मगर, मंगलवार की सुबह 11 बजे तक शव का पीएम नहीं हो पाया. अस्पताल में स्वीपर नहीं होने के कारण बॉडी को पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा था. तिरोड़ी से स्वीपर लाया गया तब कहीं जाकर पीएम हुआ. पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि अस्पताल में काफी लंबे समय से पद रिक्त है. सरकार और प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

## 24 करोड़ 9 लाख रूपये की लागत से 100 बिस्तर वाले नए भवन का होगा निर्माण

# स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर करने हम कर रहें प्रयास : पटेल

### विधायक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

क्षेत्र में लंबे समय से वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय को 100 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाए जाने की वर्षों पुरानी माँग अब शीघ्र ही पूरी हो जायेगी। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल के साथ अधिकारियों ने मंगलवार को शासकीय चिकित्सालय का मुआवना किया।

**वर्तमान में 49 बिस्तर का हैं चिकित्सालय :** विदित हो कि वर्तमान में वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय मात्र 49 बिस्तरों का हैं। जहाँ पर वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के करीब 120 से अधिक गाँवों के मरीज इलाज के लिए आने के साथ ही भर्ती भी होते हैं। लेकिन यहाँ पर मरीजों की तादाद में बिस्तरों की संख्या कम होने के चलते मरीजों को अधिक दूरी तय कर जिला अस्पताल में भर्ती होने जाना पड़ता हैं।

**100 बिस्तर का चिकित्सालय के लिए 24 करोड़ 9 लाख रुपये स्वीकृतः** इस समस्या को देखते हुए लंबे समय से वारासिवनी-खैरलांजी के इस सबसे बड़े अस्पताल को 100 बिस्तर का किए जाने की माँग नागरिकों द्वारा की जा रही थी। जिस पर प्रदेश सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए 100 बिस्तरों के अस्पताल निर्माण के लिए 24 करोड़ 9 लाख रुपये की राशि प्रदान की हैं।

**विधायक ने एसडीएम, ईई के साथ किया निरीक्षणः** जिसके बाद मंगलवार को एसडीएम राजीव रंजन पांडे, कार्यपालन यंत्री यू एस उइके, एसडीओ पीडब्ल्यूडी आनंद बंसोड़, बीएमओ डॉ कमलेश झोड़े के साथ विधायक विवेक पटेल ने अस्पताल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल का निर्माण पुरानी



बिल्डिंग को तोडक़र किया जायेगा और यहाँ भर्ती मरीजों को अस्पताल की नई बनी बिल्डिंग में नए भवन के निर्माण तक भर्ती किया जायेगा।

विधायक श्री पटेल ने कहा कि उनका प्रयास हैं कि इस अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और माहौल मिले, जिसके लिए वे लगातर प्रयासरत हैं। अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों की कमी के सवाल पर विधायक विवेक पटेल ने कहा कि वारासिवनी का शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल हैं। जहाँ पर एक सैकड़ा से अधिक गाँव के लोग इलाज कराने आते हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता हैं। हमारा प्रयास हैं कि यहाँ पर पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना हो, इसके लिए हमने मुख्यमंत्री जी से चर्चा कर उन्हें इस बात से अवगत भी कराया हैं, जिस पर उन्होंने पर्याप्त डॉक्टरों की शीघ्र नियुक्ति का आश्वासन दिया हैं।

## अमन पटेल वारासिवनी ब्लॉक अशासकीय विद्यालय संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**वारासिवनी।** वारासिवनी विकासखंड के समस्त अशासकीय विद्यालयों के संचालकों व प्राचार्यो की एक बैठक जिला अध्यक्ष निरंजन बिसेन के मुख्य आतिथ्य एवं जिला सचिव डॉ. बी गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वारासिवनी ब्लॉक के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक सदस्य बालकृष्ण जैवार वारासिवनी, सुरेश बिसेन वारासिवनी व आर एस बैस रामपायली तथा ब्लॉक अध्यक्ष अमन पटेल वारासिवनी, उपाध्यक्षद्वय चैतराम रहांगडाले व अब्दुल रब कुरैशी वारासिवनी, सचिव दिव्या श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संदीप चौधरी, सहसचिव गीता रहांगडाले, जनसंवाद प्रभारी जावेद अली को चुना गया। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में श्रीमती रजनी कुर्वे बुदबुदा, हितेश मेश्राम मेंडकी एवं आशीष श्रीवास्तव वारासिवनी को चुना गया।

## सिवनी जिले को मिली सौगात के लिए विधायक दिनेश राय मुनमुन ने धन्यवाद ज्ञापित किया

# लखनादौन से रायपुर एक्सप्रेस-वे मार्ग को मिली एनएचएआई की स्वीकृति

**सिवनी:-** सिवनी जिले के लखनादौन (सहजपुरी) से रायपुर तक एक्सप्रेस-वे 310 कि.मी. मार्ग निर्माण को एनएचएआई द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। तथा डीपीआर के आदेश भी कर दिये गये है।यह जानकारी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण संबंधी तारांकित प्रश्न के जबाब मे सदन की कार्यवाही के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी द्वारा दी गयी।मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र मे सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के तारांकित प्रश्न पर सदन की कार्यवाही मे जानकारी देते हुए मंत्री श्री राकेश सिंह जी ने आगे बताया कि उक्त एक्सप्रेस-वे मार्ग लखनादौन (सहजपुरी)-बरघाट-सिवनी-लालबर्रा- रजेगांव होते हुए रायपुर तक लगभग 310 कि.मी. होगा। जो पर्यटन एवं आर्थिक विकास की दृष्टि से और नक्सलाईट गतिविधियों को रोकने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। तथा 120 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाईन गति के साथ इस रोड का एक्सेस कंट्रोल होगा। ज्ञात हो कि विगत दिनों विधानसभा के सत्र मे प्रस्तुत किये गये तारांकित प्रश्न पर विधानसभा की कार्यवाही मे बोलते हुए विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा जो प्रश्न है वह राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित है। वर्ष 2019 में भी यही प्रश्न मैंने उठाया था और तत्कालीन रोड का निर्माण कार्य चल रहा था और उस समय विभाग द्वारा उस पर तत्परता नहीं दिखाने के कारण आज कम से कम सैकड़ों दुर्घटनायें हुई। जिसमें 10 लोगों को तो कम से कम उठाने वाला मैं हूं। क्योंकि वह मार्ग मेरे विधानसभा क्षेत्र में आता है। घायलों को मृत लोगों को उठाने का काम मैंने खुद अपने हाथों से किया है और आज भी वहां पर कई गाडियां एक्सीडेंट में हैं।एनएचएआई को लगातार प्रश्न व लेटर देने के बाद भी उन्होंने ठेकेदार पर कार्यवाही नहीं की। मुझे इस सदन को बताते हुये इस बात का बड़ा घोर दुख होता है कि वह व्यक्ति जो इस सदन का सदस्य है। मेरा आपसे आग्रह है कि इसमें आप संरक्षण दें। इसमें हमेशा जवाब के माध्यम से जो दिया जाता है कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण है, इसमें हमारी सरकार कुछ नहीं कर सकती, लेकिन जो दुर्घटना हो रही है वह मेरी विधान सभा से निकलने वाले मार्ग में, मेरे ही राज्य के लोगों की हो रही हैं. जिस समय वह काम कर रहा था उस समय भी मैंने एनएचएआई को लिखकर दिया कि इसमें जो पहाड़ी काट रहा है उसकी मुरम और बोल्डर ही उस सड़क में डाल रहा है। जब तक उसमें कम्प्रेशन नहीं होगा, दवाब नहीं बनाया जायेगा जब आपने अर्थवर्क किया है उसी का गुणवत्ताहीन काम किया है। तो ऊपर डामर कैसे चलेगा और इसमें जो जवाब दे रहे हैं कि उसमें समतलीकरण है। विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने आगे कहा कि आज भी अगर मंत्री जी उसका निरीक्षण करा लें तो आज भी रोड डेमेज है। 9 किलो मीटर में सबसे ज्यादा नागपुर से जबलपुर के बीच में अगर दुर्घटनायें होती हैं, वह इसी 9 किलोमीटर में होती हैं। मैं मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इसकी जांच करा लें।इसके पश्चात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी ने बोलते हुए कहा कि माननीय अध्यक्ष जी माननीय विधायक जी की चिंता स्वाभाविक और जायज है। कहीं भी जब सड़कों का निर्माण होता है तो लोगों की अपेक्षा होती है कि वह अच्छी गुणवत्ता की होंगी और उसके साथ-साथ वह विकास का समवाहक भी बनेंगी। जिस सड़क की बात की जा रही है, यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग के पास है, लोक निर्माण विभाग से सीधा उसका कोई संबंध नहीं है। चूंकि सड़क है और नेशनल हाइवे से जो जानकारियां हमें प्राप्त हुई हैं उसके माध्यम से मैं माननीय सदस्य को उत्तर देने का पूरा प्रयास करूंगा। यह लखनादौन, सिवनी के बीच में लगभग 9.24 किलो मीटर की फोरलेन की सड़क है. इस कांट्रेक्ट उदित इंफ्रा वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, प्रकाश असफाल्टिंग्स एण्ड टोल हाइवेज, रीवा के पास है और वर्ष 2018 में इसकी परफार्मेस गारंटी भी समाप्त हुई, लेकिन यह बात सही है कि इस मार्ग पर जब काफी अधिक मात्रा में डस्टिंग हुई तो मार्ग असमतल हुआ और उसको दुरुस्त करने के लिये एनएचएआई ने बार-बार नोटिस जारी किये। लेकिन ठेकेदार ने इस कार्य को नहीं किया. बाद में रिस्क एण्ड कास्ट में ठेकेदार को नोटिस देते हुये एनएचएआई ने इस काम को कराया और उसमें जो 60 लाख रूपये की लागत थी वह ठेकेदार से वसूले गये। बाद में जिसका जिक्र माननीय सदस्य जी कर रहे हैं कि कुछ दरारें भी वहां पर आई हैं तो एक बार जब रोड की क्वालिटी ठीक तरीके से नहीं बनती बेस ठीक से तैयार नहीं होता तो स्वाभाविक रूप से कुछ कठिनाईयां आती हैं वह दरारें आई हैं और उन दरारों को सुधारने के लिये भी एनएचएआई ने टेण्डर कॉल कर लिये हैं और उसका कार्य भी प्रारंभ होने की स्थिति में है। जहां तक दुर्घटनाओं की बात है तो यह बात सही है कि वह स्थान उसको एनएचएआई ने चिन्हित किया है, बंजारी घाटी और घुनई घाटी को वह ब्लेक स्पॉट की सूची में उसको शामिल किया है। यहां पर वर्ष 2020 और 2021 में कुछ अल्पकालिक यानि प्रारंभिग रूप से सुधार के कार्य भी कराये गये थे, लेकिन बाद में इसमें जियोमेट्रिक इम्प्रूवमेंट हो इसके लिये अब कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और एनएचएआई ने यह सूचना दी है कि शीघ्र ही इस कार्य को पूरा कर लिया जायेगा. इसके साथ ही मंत्री *श्री राकेश सिंह* जी ने बताया कि सदस्य महोदय को प्रसन्नता होगी मैं एक अतिरिक्त जानकारी उनको देना चाहता हूं कि लखनादौन-रायपुर मार्ग, को एनएचएआई ने लगभग स्वीकृति प्रदान कर दी है। डीपीआर के आदेश हो गये हैं। यह रोड जो बनेगी तो यह लखनादौन-बरघाट-सिवनी-लालबर्रा-रजेगांव होते हुए रायपुर तक लगभग 310 कि.मी. का रोड होगा जो पर्यटन की दृष्टि से, आर्थिक विकास की दृष्टि से और नक्सलाईट गतिविधियों को रोकने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी और 120 कि.मी. प्रति घंटे की डिजाईन गति के साथ इस रोड का एक्सेस कंट्रोल होगा। इस दौरान सिवनी जिले को एक्सप्रेस-वे की सौगात देने के लिए सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबर संक्षेप

### महिला मित्र ने बात करना बंद किया तो रच दी अपहरण की झूठी कहानी, पहुंचा जेल

**सिवनी।** शहर के केवटी वार्ड निवासी एक व्यक्ति ने महिला मित्र द्वारा बात करना बंद कर देने पर उसे फंसाने के लिए खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच दी।पुलिस ने मामले की जांच की तो सच सामने आ गया।अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि रीतेश कश्यप की एक महिला के साथ मित्रता थी। बाद में महिला ने रीतेश से बात करना छोड़ दिया।इसको लेकर रितेश ने बदला लेने के लिए महिला को झूठे मामले में फंसाने के लिए फर्जी अपहरण की साजिश रची। रितेश ने अपनी पत्नी के मोबाइल में फोन किया कि उसका कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है।अपहरण करने वालों में रितेश ने उस महिला का नाम बताया जिसके साथ उसकी पहले मित्रता थी।इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस ने संबंधित महिला को बुलाकर बयान लिए।पुलिस जांच के दौरान रीतेश के मोबाइल की लोकेशन के आधार पर उसे नगझर के पास पकड़ा।जिस तरह से वह घटनाक्रम बता रहा था वहां पर ऐसी स्थिति नहीं मिली।उसने दिखावे के लिए खुद पर कीचड़ लगा लिया था। गाड़ी में कीचड़ नहीं लगा मिला। पुलिस ने संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की तो पूरी कहानी झूठी निकली। पूछताछ में रितेश ने बताया कि वह अपने मोहल्ले में रहने वाली एक महिला को फंसाना चाहता था। इस लिए खुद के अपहरण की झूठी कहानी रची थी।

### फलदार वृक्ष का कत्लेआम, पटवारी ने बनाया प्रकरण

**धारनाकलां।** मध्य प्रदेश मे एक पेड़ माँ के नाम पर लगाने की मुहिम चल रही है और शासकीय अमले से लेकर हर एक आम आदमी तक हरे भरे वृक्ष लगाने की मुहिम मे लगा हुआ है वही दूसरी तरफ नियमो को ताक पर रखकर धारनाकला के ही भूमाफिया ने खुलेआम हरा भरा आम के वृक्ष का कत्लेआम खुलेआम करते हुऐ शासन की मंशा के विपरीत कार्य किया है। जहा वर्षा ऋतू में लोग पेड़ लगाने का कार्य कर रहे है वही दूसरी तरफ यह भू माफिया फलदार वृक्ष को ही अपने फायदे के नष्ट कर बैठा हालाकि जैसे ही हल्का पटवारी को सूचना तथा शिकायत पहुंची हल्का पटवारी ने भी देरी न करते हुऐ तत्काल प्रकरण तथा पंचनामा बनाकर तहसीलदार के यहा प्रकरण पेश कर दिया है। यहा यह बताना भी लाजिमी है की जहा मध्य प्रदेश तथा केन्द्र सरकार के द्वारा लाखो से करोडो रूपये प्रति वर्ष वृक्षारोपण के नाम पर खर्च किये जा रहे है वही दूसरी तरफ फलदार वृक्षो का दोहन खुलेआम हो रहा है जिस ओर प्रशासन का ध्यान नही है।

### नगर परिषद की हॉकर टीम ने आवारा पशुओं को भेजा गौशाला

**सिवनी।** जैसा की पूर्व में नगर परिषद लखनादौन की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री गीता वाल्मीकि द्वारा नगर के पशुपालको को मुनादी के माध्यम के साथ ही लिखित आदेश निकाल कर शहर के पशु पालको को सुचित किया गया था कि अपने अपने पशुओं बांध कर रखें अन्यथा की स्थिति में हॉकर टीम द्वारा आवारा घूम रहे पशुओं को ले जा कर गौशाला में छोड़ दिया जाएगा आवारा पशुओं के कारण एक्सीडेंट होने का बना रहता है आज दिनांक 16 7.2024 दिन मंगलवार को टीम द्वारा लगभग 20 नग गाय बैल को शहर के विभिन्न वार्डों से एकत्रित कर शहर से लगभग 14 किलोमीटर दूर नरसिंहपुर रोड जोबा पिपरिया की गौशाला में पहुंचाया गया इसके कुछ दिन पूर्व भी टीम द्वारा शहर से दूर आवारा पशुओं को छोड़ गया था हॉकर टीम प्रभारी रविंद्र कुशवाहा समस्त हॉकर टीम एवं लोक निर्माण शाखा के श्रमिकों की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रबंधक पर 16 लाख 28 हजार 735 रुपया गबन के मामले में एफआईआर दर्ज

**केवलारी -** शासकीय उचित मूल्य दुकान खैररांजी के विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव एवं संजय बाघमारे पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7, भारतीय न्याय संहिता की धारा 409 एवं 34 के तहत एफआईआर दर्ज़ कर मामले को विवेचना में लिया है ।

### क्या है मामला

पूर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केवलारी आशीष (IAS) द्वारा दिनांक 24/04/2024 को आदेश ज़ारी कर शासकीय उचित मूल्य दुकान खैररांजी के विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव पर एफआईआर दर्ज़ करने एवं वसूली के निर्देश कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी केवलारी को ज़ारी किए जा चुके थे। किंतु लगभग तीन माह बीत जाने के उपरांत भी उक्त मामले में उक्त विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही थी। पत्रकार संजीत सिंह बघेल जी द्वारा ज़िले की बेहद सवेदनशील ज़िला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन जी के समक्ष प्रस्तुत होंकर, उक्त मामले से उन्हें अवगत कराया इसके उपरांत उनके ही हस्तक्षेप से एफआईआर दर्ज हो सकी है ।

पीओएस माशीन और भौतिक स्टॉक मे नहीं मिली समानता !

प्राप्त जानकारी अनुसार निरीक्षण समय पीओएस मशीन में दर्ज स्टाक कि जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की गई जिसमें चांवल 33176.77 किलोग्राम, गेहूं 8698.02 किलोग्राम, नमक 2655 किलोग्राम, शक्कर 23 किलोग्राम दर्ज होना पाया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान खैररांजी मे माह मार्च का प्राप्त एवं निरीक्षण दिनाक 22/03/2024 तक दुकान को प्राप्त, वितरित एवं शेष खाद्यान्न की जानकारी आनलाइन प्राप्त की गयी जो भौतिक रूप से कम प्राप्त हुई। गेहूं 86 क्विटल 97 किलो, चांवल 331 क्विंटल 76 किलो, नमक 26 क्विटल 50 किलो एवं शक्कर 23 किलो दुकान के स्टाक में व पीओएस मशीन की तुलना में भौतिक रूप से कम प्राप्त हुआ है । जिससे यह प्रमाणित होता है कि विक्रेता के द्वारा उक्त खाद्यान्न कि कालाबाजारी की गयी है जो विक्रेता से वसूली योग्य है।उक्त मामले मे कलेक्टर के आदेश पर संबंधित खाद्यान विभाग के अधिकारी को तलब कर निर्देश दिया गया था कि उक्त संबंध में एक दिवस के अंदर उचित मूल्य दुकान की विक्रेता जगन्नाथ वासुदेव पर एफआईआर दर्ज करवा कर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया गया है।

## भारत स्काउट गाइड जिला संघ शिवानी द्वारा एक दिवसीय बिगनर्स प्रशिक्षण संपन्न

**सिवनी।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष विद्यालय में कार्यरत नवीन शिक्षकों को एक दिवस का विग्नार्स कोर्स आयोजित कराया जाता है इसी कड़ी में भारत स्काउट गाइड जिला कमिश्नर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस एस कुमरे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय बिगनर्स कोर्स शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें सिवनी बरघाट तथा केवलारी विकासखंड के लगभग 90 शिक्षकों ने अपनी सहभागिता की जिसमें शासकीय तथा अ शासकीय विद्यालय के शिक्षक शामिल हुए इस प्रशिक्षण में ऐसे नवीन शिक्षकों का आमंत्रित किया गया था जिन्होंने अभी तक स्काउट गाइड का कोई भी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया था मध्य प्रदेश शासन की मनसा के अनुसार विद्यालय का प्रत्येक शिक्षक पाठ सहगामी क्रियाओ से अवगत होना चाहिए इसी कड़ी में सिवनी जिले में भी नवीन शिक्षा को को विग्नर्स कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया यह प्रशिक्षण प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें शिक्षकों को स्काउट गाइड की प्रारंभिक जानकारियां प्रदान की गई इस प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से प्रशिक्षक रूप में श्री विजय शुक्ला एल टी स्काउट श्रीमती सायरा बानो कुरेशी एल टी गाइड श्री अमित कुरेशी प्री ए एल टी स्काउट श्रीमती पूनम सूर्यवंशी एडवांस गाइड कैप्टन एवं श्री राम नारायण राय एडवांस स्काउट मास्टर ने प्रशिक्षण प्रदान किया सर्वप्रथम शिक्षकों का परिचय लिया गया तथा पंजीयन राशि प्राप्त कर उन्हें राज्य मुख्यालय से प्राप्त पुस्तकों का वितरण कराकर प्रशिक्षण प्रदान किया गया इस अवसर पर सहायक स्काउट कमिश्नर श्री आर पी पाटिल जिला सचिव श्री सुनील राय तथा स्थानीय विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनीता बांगड़े उपस्थिति रही स्काउट कमिश्नर द्वारा सभी शिक्षकों छात्रों के बहुमुखी विकास हेतु स्काउट गाइड एनएसएस तथा एनसीसी भी अनिवार्य है की जानकारी दी गई तथा उन्हें छात्रों को बहु प्रतिभा संपन्न बनाने हेतु भी शिक्षको को निर्देश दिए गए उनके द्वारा वक्तव्य में कहा गया की शिक्षा के साथ में अन्य गतिविधि भी पाठशाला आवश्यक हैं प्रशिक्षण के अंत में सभी शिक्षकों ने राष्ट्रगान के साथ ही प्रशिक्षण का अंत किया इन शिक्षकों को आगामी अक्टूबर माह में सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रदान किया जाएगा शिक्षकों के द्वारा जिला कमिश्नर को यह भी अवगत कराया गया थी प्रत्येक विद्यालय में स्काउट दल का पंजीयन आवशयक रूप से कराया जाए तथा कैश बुक संधारण एवं व्यय की जानकारी अनिवार्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को दी जाए तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्रसारित आदेशों पर अमल सुनिश्चित किया जाए प्रत्येक विद्यालय द्वारा आगामी 30 जुलाई तक अपने विद्यालयों का दल पंजीयन करा कर छात्रों की सूची तथा चालान की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी में जमा करा ने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

## विटामिन और मिनरल्स से भरपूर है जंगली खाद्य पदार्थ पुटपुटा

# जंगल में जमीन पर गिरे साल के सूखे पत्ते के नीचे मिलता है पुटपुटा





### अन्य सब्जियों से ज्यादा स्वादिष्ट होता है पुटपुटा

### पुटपुटा वनस्पतिक जंगली औषधि के रूप में भी आता है काम

**मंडला।**

मवई में वृहत स्तर पर फैले साल के इस जंगलो में मिलने वाले पुटपुटा की सब्जी बनाई जाती है। वहीं इस पुटपुटा बोड़ा का महानगरों में हजार रूपए से अधिक कीमत में बेचा जाता है। इस पुटपुटा में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और खनिज तत्व पाये जाते हैं, जो कि इसे पौष्टिक बनाते हैं। वहीं मंडला जिले में महंगी सब्जियों की बात करें तो साल के जंगलों में मिलने वाला पुटपुटा और जिले के अन्य क्षेत्रों से आने वाली पिहरी का नाम सबसे ऊपर आता है। वर्ष भर में करीब डेढ़ माह मिलने वाला पुटपुटा अब मंडला मवई के जंगलों में खूब निकल रहा है। मवई क्षेत्र में पुटपुटा की कीमत कम ही है, यहां गावों में ये करीब 300 रुपये किलो, तो आसपास के क्षेत्रों में 400 से 500 रूपए किलो, वहीं शहर में पहुंचकर इसकी कीमत करीब 600 रुपये हो जाती है। इसके बाद यही पुटपुटा जब महानगरों में पहुंचता है तो इसकी कीमत दो गुनी और तीन गुनी हो जाती है। जहां एक हजार रूपए किलो से अधिक होती है।

जानकारी अनुसार साल के जंगलो में पुटपुटा को खोजने वनवासियों का रूख जंगलो की तरफ है। पुटपुटा वनस्पतिक रूप से फफूंद की श्रेणी में आता है। यह अक्सर बिजली के तेज चमक के साथ वर्षा ऋतु के आगमन पर साल के वृक्ष के नीचे गर्म धरती से बाहर आता है। खाने में बड़ा ही स्वादिस्ट होता है काले, भूरे व सफ़ेद रंग का यह पाया जाता है बाहर का भाग कठोर व काला व भूरा होता है जबकि इसकी भीतरी भाग सफेद व पीली रंग की होती है जो की बहुत ही मुलायम होती है, कुछ लोगो का कहना है की यह अन्य सब्जियों से भी ज्यादा स्वादिष्ट होता है। ग्रामीण अक्सर प्रातः इसे खोजने के लिये जंगल जाते है। बाजार में इसकी बहुत डिमांड होती है, बाहर के व्यापारी प्रायः ग्रामीणों से इसे मनमाने दामों में खरीदते है और महानगरों में इसे 600 से लेकर 1000 रूपए प्रति किलो की दर से बेचते है। वहीं इस पुटपुटा में मिनरल व विटामिन भरपूर मात्रा में पाए जाने के कारण यह बहुत सी बीमारियों से लडऩे के लिये भी रामबाण साबित होता है। पुटपुटा वनस्पतिक जंगली औषधि के रूप में भी काम आता है।

### आदिवासियों, ग्रामीणों की खोज है पुटपुटा

बता दे कि मंडला जिले के अंतिम छोर में बसा वनांचल क्षेत्र मवई अपने साल के जंगलों के नाम से जाना जाता है। यहां वृहद रूप में साल के जंगल फैले हुए है। इसी साल के जंगलों में पुटपुटा बोड़ा मिलता है, इस साल के जंगल में मिलने वाला पुटपुटा को यहां के स्थानीय आदिवासियों, ग्रामीणों ने नाम दिया है। अलग- अलग क्षेत्रों में इसे अलग- अलग नाम से जाना जाता है। जमीन के अंदर से मिलने वाली सब्जी की खोज आदिवासियों की ही है। वनोपज पर निर्भरता के कारण वनवासी यहां पैदा होने वाले हर खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं। पुटपुटा भी उन्ही में से एक है। पुटपुटा दरअसल एक फंगस है। वैज्ञानिकों ने इसका बॉटिनिकल नाम शोरिया रोबुस्टा रखा है।

### एक फंगस है पुटपुटा

साल के जंगल में जब पहली बरसात से मिट्टी भीगती है और उसके बाद जो पहली उमस पड़ती है, तब साल के जंगलों में लगे साल वृक्ष की जड़ एक खास तरह का द्रव छोड़ते है, फिर जमीन पर गिरे साल के सूखे पत्ते के नीचे ये फंगस बनता है, जिसे पुटपुटा और अन्य क्षेत्रों में बोड़ा कहते हैं। आदिवासी इसे किसी भी लकड़ी की मदद से जमीन से सुरक्षित बाहर निकालते हैं। जिसके बाद इसका उपयोग स्वंय खाने और अपनी आमदनी के लिए बाजार में विक्रय करते है।

### इतना महंगा क्यों

अब सवाल ये आता है कि अगर ये फंगस ही है तो इतना महंगा क्यों है. बोड़ा दरअसल पूरी तरह से प्राकृतिक उत्पाद है। इसकी खेती नहीं की जा सकती, ये अपने आप ही पैदा होता है और खास तरह की परिस्थिति में, वैसे ये आदिवासियों को मुफ्त में ही मिलता है और आप खुद साल के जंगलो में चले जाएं तो ये आपको भी मुफ्त में ही मिल सकता है, लेकिन कड़ी मेहनत के बाद क्योंकि ये फंगस है इसलिए वजन में काफी हल्का होता है। किसी भी चीज की कीमत उसकी डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करती है, तो बोड़ा का स्वाद इसकी बड़ी डिमांड की सबसे बड़ी वजह है। वर्ष के कुछ दिन ही उसका कठिनाई से मिलना और वजन में कम होना, इसकी कीमत को बढ़ा देता है। गांव में इसकी कीमत करीब 300 रुपये किलो तक रहती है, तो करीबी शहर में यही 600 रुपये किलो से अधिक में बिकता है। जबकि महानगरों तक पहुंच कर इसकी कीमत कई गुना बढ़कर करीब 2 हजार रुपये किलो तक चली जाती है।

### पोषण से भरपूर और बीमारियों में सहायक है

पुटपुटा में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और खनिज तत्व पाये जाते हैं, जो कि इसे पौष्टिक बनाते हैं। वहीं कुपोषण, दिल और पेट के रोगों में भी ये फायदेमंद माना जाता है, इसलिए ये पुटपुटा जंगल पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों के भोजन का वर्षो से एक हिस्सा बना हुआ है। हालांकि अब पुटपुटा महानगरों तक पहुंच गया है। जहां लोग इसे बड़े ही शौक से खाते है। ग्रामीण पहली बरसात के बाद पुटपुटा को एकत्र करने जंगलो में जाते हैं, इसके बाद वह कुछ अपने लिए रख लेते हैं और बाकी बाजार में बेच देते है। इससे उन्हें भोजन भी मिलता है और अच्छी खासी आमदानी हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पुटपुटा से भोजन और पैसा दोनों मिल जाता है।

## एनएच 30 में मंगली पंडरीपेड़ क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत शुरू

**मंडला।** जबलपुर रायपुर नेशनल हाईवे 30 में मंगली और चिल्फी के बीच बना पुल विगत दिवस क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद इस मार्ग से आवाजाही पूर्णतः बंद करा दी गई है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों का मार्ग डायवर्ट कर दिया गया है। जिसके बाद अब यहां से जाने वाले सभी भारी, छोटे और बड़े वाहन डायवर्ट मार्ग से जा रहे है। पुल के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही कार्य पूर्ण हो जाएगा और आवाजाही शुरू की जाएगी।



जानकारी अनुसार मंगली-चिल्फी के मध्य पुल में सुधार कार्य होने के कारण मार्ग को कार्य पूर्ण होने तक के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रतिबंधित अवधि में इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य से परिवर्तित मार्ग के उपयोग करने की अपील की गई है। बताया गया कि मंडला जिले में नेशनल हाईवे 30 पर थाना मोतीनाला अंतर्गत मंगली से चिल्फी के बीच एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पुल मंडला जिला मुख्यालय से करीब 90 किमी दूर छत्तीसगढ़ सीमा के नजदीक है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से छत्तीसगढ़ को जोडऩे वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। बताया गया कि जिला प्रशासन ने पुल की मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक इस मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग बताया गया है, जिससे आवाजाही में परेशानी का सामना ना करना पड़े। पुल की रिपेयरिंग होने तक एनएच 30 के बजाय वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील प्रशासन नेइ की है।

एडीएम राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुल की रिपेयरिंग के साथ ही नजदीक एक डायवर्सन मार्ग बनाने का काम भी चल रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो दिन में डायवर्सन मार्ग बन कर तैयार हो जाएगा। जिसके बाद इस मार्ग से यातायात प्रारम्भ होने की संभावना है। जब तक यहां से गुजरने वालों के लिए वैकल्पिक मार्ग बताया गया है। बताया गया कि तीन वैकल्पिक मार्ग बनाकर पुलिस के पॉइंट लगा दिए गए हैं। जिससे वाहन चालकों को परेशानी ना हो।

## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग ने जन सुनवाई में खिलाई मलेरिया रोधी दवा



**बालाघाट।** आयुष विभाग ने मंगलवार को कलेक्टर परिसर में स्टॉल लगाकर मलेरिया रोधी दवाई का वितरण किया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि आयुष विभाग मलेरिया रोग नियंत्रण के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें 7 जनपदों के 68 गांवों में होम्योपैथी की दवाई खिलाई जाएगी। प्रथम चरण में 18 व 25 जुलाई तथा 1 अगस्त को और द्वितीय चरण 22 व 29 अगस्त को तथा 5 सितंबर को आयोजित होगा। होम्योपैथी की 6-6 गोलियां सप्ताह में एक बार लेना होती है। चिन्हित गांवो में मलेरिया का प्रभाव पूर्व में ज्यादा रहा है।

### नवविवाहिता की करंट लगने से हुई मौत

**कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रा-गुसाई की एक नवविवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई. घटना मंगलवार की सुबह उस वक्त हुई जब महिला कूलर चालू कर रही थी. महिला के पिता ने सबसे पहले अपनी बेटी के शव को देखा. नवविवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही तिरोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची. जिसने शव बरामद किया और वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को हादसे की सूचना दी. सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस माणक मणि कुमावत और तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले घटना स्थल पहुंची. इनकी मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया और शव को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नवविवाहिता मनीषा पति अनिल धुर्वे उम्र 21 वर्ष की करंट लगने से मौत हुई है. बताया जा रहा है कि मनीषा गर्रा-गुसाई की ही रहने वाली थी और इसी गांव में रहने वाले अनिल धुर्वे से उसका विवाह हुआ था. यह घटना मनीषा के पिता के घर में घटित हुई है।

### नवागत एसडीएम राहुल नायक ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**किरनापुर।** नव नियुक्त एसडीएम राहुल नायक ने तहसीलदार श्रीमती पूर्णिमा भगत के साथ तहसील के समस्त विभागों के जैसे रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण, प्रतिलिपि शाखा, सीएम हेल्पलाइन शाखा, आवक जावक शाखा, नाज रात शाखा, पीएमसीएम शाखा, कानून गो शाखा व तहसील व नायब तहसील कोर्ट का निरीक्षण किया। जहां समस्त लिपिक व बाबू उपस्थित पाए गए और वह अपना कार्य निर्धारित समय अनुसार करते मिले उन्होंने कहा है कि अभिलेखों का रख रखाव ठीक तरह से किया जा रहा है। साथ ही कहा कि कोई भी व्यक्ति जनसुनवाई के माध्यम से आता है तो उसकी समस्या का तत्काल निराकरण कराया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

## सरपंच संघ की बैठक 20 को

# सरकार अपना काला कानून ले वापस नहीं तो होगी पंचायतों में ताला बंदी : वैभवसिंह बिसेन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने जारी बयान में कहा कि मनरेगा को लेकर सरकार अपना काला कानुन वापस ले, अन्यथा पंचायतो में तालाबंदी की जाएगी।

जारी बयान में सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने बताया कि शासन, के 1 जुलाई को मनरेगा संबंधी कार्यों पर मटेरियल सामग्री संबंधी सभी काम समाप्त करने का जो आदेश पारित किया गया है, वह काला कानून है। जिस आदेश के खिलाफ पंचायत सरपंच ने तय किया है कि यदि सरकार यह आदेश वापस नहीं लेती है तो पंचायतो में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा को लेकर सरकार के आदेश सहित रेत के आसमान छूते दाम, पंचायतो के संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर, जिला और ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक आगामी 20 जुलाई, शनिवार को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत कार्यालय बालाघाट आहूत की गई है। जिसमें जिले के सभी पंचायतो के सरपंचों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि बैठक में संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी और मनरेगा को लेकर सरकार के आदेश के खिलाफ, सरपंचो की रणनीत की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। जिसमें आगामी 23 जुलाइ को मुख्यमंत्री आवास के घेराव एवं आंदोलन को लेकर चर्चा की जाएगी।

## लोडेड वाहन का पट्टा टूटने से मार्ग पर आवागमन बंद

# डेंजर रोड-नवेगांव बायपास मार्ग पर लगा वाहनों का जाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्यालय के सरेखा और रेलवे क्रासिंग पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के चलते शहर से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को डेंजर रोड-गोंगलई बाइपास से रवाना किया जा रहा है। जो काफी जर्जर हो गया है, सड़क पर जगह-जगह गढ्ढे हो गए है।

15 जुलाई की देरशाम लगभग 8 बजे एक भारी वाहन के गुजरने के दौरान गढ्ढे में वाहन के जाने से उसका पट्टा टूट गया। जिससे वाहन बीच रास्ते में बंद हो गया। चूंकि सड़क के दोनों किनारे फिलिंग नहीं होने से अन्य वाहन, निकल नहीं पाए, जिससे पूरा मार्ग बंद हो गया और सड़क के दोनों ओर जाम जैसे हालत हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा, यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा और ग्रामीण थाना का बल घटनास्थल पहुंचा। देर शाम लगभग 8 बजे से लगे इस जाम को देखते हुए पुलिस टीम ने गर्रा से डेंजर रोड बाइपास होकर गुजरने वाले वाहनों का रूट परिवर्तन कर उन्हें शहर के बैहर रोड और सरेखा बाइपास मार्ग से डायवर्ट कराया। वाहन के फंसने से डेंजर रोड-गोंगलई बाइपास में तीन घंटे तक मार्ग पूरी तरह से बंद रहा है। ट्रक के सुधार कार्य के बाद रात्रि लगभग 11 बजे आवागमन बहाल हो सका। जिसके बाद यहां से भारी वाहनों को रवाना किया गया। बाइपास मार्ग पर जाम के दौरान पुलिस और पंचायत के लोग, यहां व्यवस्था बनाने मौजूद थे। इस मामले में नवेगांव सरपंच अभिषेक कटरे ने बताया कि मार्ग में एक वाहन का पट्टा टूट जाने के कारण, सड़क पर वाहन खड़ा हो गया है। चूंकि मार्ग संकरा है, इसलिए यहां से दूसरे वाहन गुजर नहीं सकते है, जिससे मार्ग के दोनों ओर जाम लग गया है।

वाहन चालक की ओर से वाहन का पट्टा बनाने के बाद जाम खुल गया। उन्होंने बताया कि इस बाइपास मार्ग के बीच गोंगलई से लेकर गायखुरी रास्ता, पूरा जर्जर हो गया है। जिसमें बड़े-बड़े गढ्ढे बन आए है। जिसको लेकर उन्होंने कई बार प्रशासन को लिखा है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है।

### महिला श्रमिकों को दी सोशल मीडिया युग में दस्तावेजों के महत्व की जानकारी

**बालाघाट।** महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और पहुँच बढाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति के तहत संकल्प हब फॉर एमपावेरमेंट ऑफ़ वुमन कार्यक्रम की शुरुआत 21 जून से की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं पर आधारित विभिन्न नियमों, विषयों और आवश्यकताओं पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। यह कार्यक्रम विभिन्न वर्ग की महिलाओं के साथ होते है। मंगलवार को एक कार्यक्रम के बैहर के खुरमुंडी और लूद के मसियाटोला में किया गया। यहां निर्माण कार्यो में जुटी महिलाओं को सोशल मीडिया के दौर में उनके महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सम्बंध में जानकारियां दी गई।

## यौमे आशुरा आज: याद किये जायेंगे इमाम हुसैन और उनके 72 जानिसार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** इस्लामी साल का पहला महिना, मोहर्रम जिसकी 10 तारीख को याने की आज 17 जुलाई को यौमे आशुरा का दिन है, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आशुरा के दिन का ऐतिहासिक महत्व है। यौमे आशुरा इस्लामिक तारीख के मुताबिक बहुत ही फजीलत और अजमत वाला दिन है, क्योंकि यौमे आशुरा के दिन ही हजरत आदम की दुआयें कबूल हुई, इसी दिन हजरत नूह की कश्ती जूदी पहाड़ी के किनारे लगी। इसी दिन हजरत इब्राहिम पर आग, गुलजार हुई और इसी दिन हजरत ईसा आसमान पर उठा लिए गए तथा इसी दिन हजरत ईमाम हुसैन और उनके 72 जानिसार की कर्बला में शहादत हुई थी।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मस्जिदो और घरो में यौमे आशुरा का पर्व मनाया जाएगा। जिसके तहत मस्जिदो और घरो में विशेष नमाज अदा की जायेगी और दुआये मांगी जायेगी। बालाघाट मुख्यालय के जामा मस्जिद और विभिन्न मस्जिदो में सुबह 10 बजे यौमे आशुरा की विशेष नमाज अदा की जाएगी और आशुरे की दुआ भी पढ़ी जाएगी। यौमे आशुरा के रोजे का भी अत्यंत महत्व हैं। इसलिए मुस्लिम धर्मावलंबी रोजे का ऐहतेमाम करते है और शहीदाने कर्बला की याद में शरबत तथा खिचड़ा सहित लंगर का भी जगह-जगह इंतजाम किया जाता है।

गौरतलब हो कि मोहर्रम माह के एक तारीख से लेकर 10 तारीख तक शहर की जामा मस्जिद में धर्मगुरू द्वारा धर्मावलंबियों को शहीदाने कर्बला और हजरत ईमाम हुसैन की जीवनी से जुड़ी तकरीर दी जा रही है।

मुस्लिम धर्म की मान्यता अनुसार यौमे आशुरा का पर्व परंपराओं एवं मान्यताओं के अनुसार हजरत ईमाम हुसैन के चाहने वाले अलग-अलग तरीकों से भी मनाते हैं, बहरहाल आशुरे के दिन को पूरी दुनिया में विशेष रूप से हजरत ईमाम हुसैन की याद के रूप में ही मनाया जाता हैं, जिन्होंने इस्लाम की शरियत के खिलाफ उठने वाली सभी याजिदरूपी आवाजो को हमेशा के लिए बंद करने में अपनी शहादत दे दी। जिनके साथ परिवार के 6 माह के बच्चे अली असगर सहित 72 जानिसार शहीद हुए थे।

# संवेदनशील क्षेत्र में आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



16 जुलाई को अति संवेदनशील क्षेत्र बैहर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल ग्राम मोवाला में आदर्श दानपात्र सेवा समिति बालाघाट द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र -छात्राएं व समिति के सदस्य श्रीमती सरोज रामटेके खंड विस्तार प्रबंधक, श्रीमती कविता चौहान शिक्षिका (मोहबट्टा), श्रीमती मनीषा गोंडाने एवं सभी शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहें। शिविर में विशेषज्ञ द्वारा छात्र-छात्राओं एवं महिलाओ को मासिक धर्म, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, गुड टच बैड टच के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। आदर्श दानपत्र सेवा समिति आप सभी से अपील करते हैं कि हमारी इस छोटी सी पहल में अपना सहयोग देकर ऐसी लाखों जरूरतमंद परिवारों, महिलाओं, किशोरियों, बच्चों की मदद कर सकते हैं। हम समिति के सभी सदस्य, योद्धाओं एवं दानदाता श्रीमति विमला सचदेव, पवन कुमार सचदेव, सतीश सचदेव का आभार व्यक्त करते हैं।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भरवेली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन क्रमांक एमपी 04 बीसी 4658 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बैहर रोड में साइकिल, बाइक और प्रशासनिक वाहन को टक्कर मार दी।

घटना मंगलवार की दोपहर 2.30 बजे के करीब की है। अस्पताल में भर्ती घायल बुजुर्ग लतीफ पिता हमीद खान ने बताया कि वह घर से दुकान साइकिल से जा रहे थे। इस दौरान ही पीछे से आ रहे बोलेरो वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। यही नहीं बल्कि बोलेरो चालक ने इसके बाद एक प्रशासनिक वाहन और एक अन्य बाइक वाहन को टक्कर मार दी।

बोलेरो वाहन की टक्कर से प्रशासनिक वाहन के सामने का भाग क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि बाइक सवार बाल-बाल बच गया। इससे के पहले बोलेरो वाहन चालक वाहन लेकर फरार होता। उसके वाहन को लोगों ने बस स्टैंड में घेर लिया, लेकिन चालक किसी तरह भागने में कामयाब रहा। घटना की जानकारी लगते ही यातायात अमला बस स्टैंड पहुंचा और वाहन को बरामद कर उसे कोतवाली थाना में भिजवाया।

### वाहन को किया जब्त

यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि बैहर रोड में दोपहर के समय तेज रफ्तार बोलेरो वाहन चालक के कुछ लोगों को टक्कर मारने की जानकारी मिली है। जिसके वाहन को लोगों ने बस स्टैंड में रोका था। पुलिस ने बस स्टैंड से बोलेरो वाहन को जब्त कर उसे कोतवाली में खड़ा करवा दिया है। मामले की अग्रिम कार्रवाई कोतवाली पुलिस कर रही है।

## मोहर्रम को लेकर पुलिस थाना किरनापुर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

पुलिस थाना किरनापुर के प्रांगण में 17 जुलाई को मुस्लिम समाज के मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस थाना किरनापुर में शांति समिति के बैठक थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह वैश मुस्लिम समाज के अध्यक्ष भाई यूसुफ पटेल व नगर वासियों की उपस्थिति में हुई बैठक में थाना प्रभारी ने कहा की मोहर्रम का पर्व आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाया जाए ।शांति व्यवस्था भंग करने वाले वालो के खिलाफ जिला प्रशासन में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी ।मोहर्रम पर्व पर जुलूस निकालने के लिए एसडीएम कार्यालय से विधिवत अनुमति ली जाए, जुलूस के दौरान समाज के युवाओं की ड्यूटी लगाई जाए। किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस थाना में सूचना दी जाए ।थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह वैश ने कहा कि मोहर्रम पर्व के दिन पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख चौक चौराहा में पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाने के साथ-साथ लगातार नगर गस्त की जाएगी, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष युसुप पटेल ने कहा कि नगर में समस्त त्यौहार आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाता है। समस्त दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा, इस बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष युषुप पटेल, डी डी मेश्राम, रामकुमार राणा, पराग मोदी ,संतोष वैश, देवराम बाहे, संतलाल पाचे, विनोद भिमटे ,कमलेश कन्नौजे, मोहम्मद शेख और भी अन्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### स्वयं सिद्ध आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कटंगी।** विकासखंड कटंगी में अलग-अलग स्थानों पर इन दिनों खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के निर्देश पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है. शासकीय कन्या माध्यमिक शाला परिसर में युवा समन्वयक संतोष पारधी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानपाठक एम.एल. भलावी, लक्ष्मी मरावी, जितेंद्र हिरकने और स्कूली विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया. तिरोड़ी के दुर्गा चौक खेल मैदान में फुटबॉल प्रशिक्षक जितेंद्र अहिरवार और महिला खिलाड़ी ऋतु बारेकर, मोहिनी दिवाकर, शीतल मडावी, निकिता खोबरागड़े, झलक डहाटे, पूजा वारसी ने पौधारोपण किया।

### पटवारी सीमांकन के लिए पहुँचें, जांच कर रिपोर्ट भी दे

**बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने की। जनसुनवाई में 62 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों पर एडीएम श्री धुर्वे और जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने संयुक्त रूप से आवेदकों को सुना। अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने नगपुरा के सुखचंद सोनेवानी के आवेदन पर तुरंत तहसीलदार को फोन से कॉल कर अतिक्रमण नहीं हटाने की जानकारी ली। उन्होंने तहसीलदार से कहा कि पिछले 4 बार से आवेदक अतिक्रमण हटाने के लिए आ रहा है। जांच करे यदि शिकायत उचित है, तो अतिक्रमण हटाये और रिपोर्ट से अवगत भी कराएं। इसी तरह नगपुरा के ही एक किसान से सीमांकन के लिए आवेदन किया। जनसुनवाई में एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी ने आवेदन की फ़ोटो लेकर पटवारी को व्हाट्सप्प के माध्यम से पोस्ट कर। कॉल पर जानकारी देते हुए तुरन्त मौके पर भेज कर सीमांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान को भी पटवारी के साथ मौके पर जाने के निर्देश दिये।

## नवनिर्वाचित सांसद भारती पारधी के प्रथम आगमन पर किरनापुर में हुआ भव्य स्वागत सत्कार

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** लोकसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद आज शाम 06 बजे भाजपा सांसद भारती पारधी किरनापुर पहुंची जहां राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी, रमेश भटेरे पूर्व विधायक लांजी सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने उनका ढोल नगाड़ों एंव आतिश बाजी के साथ भव्य स्वागत सत्कार किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त भाजपा के मंडल अध्यक्ष, बूथ कार्यकर्ता शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों सहित जनपद सदस्य,सरपंच एंव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान सांसद पारधी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने एक छोटे-से पार्षद को सांसद बनाकर भेजा हैं नरेन्द्र मोदी को पुनः देश के प्रधानमंत्री बनाया है, जनता ने जो भी जनादेश दिया है हमने उसे स्वीकारा है,निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को विश्वगुरु बनाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी ने मिलकर विधानसभा लांजी, किरनापुर में राजकुमार कर्राहे को जिताया है हम निश्चित ही दोनों मिलकर लांजी, किरनापुर के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नही छोड़ेंगे साथ ही किरनापुर को नगर परिषद बनाने के लिए हम प्रयासरत हैं और परिसीमन के पहले हमें किरनापुर को नगर परिषद बनाना ही है और इसके लिए हमारी चर्चा हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से हो गई है।रही बात धान के 3100 रु की तो अभी हमारे पास पाँच साल है और हम इन पाँच सालो में किसानों को नाराज नही करेंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले, जाकिर कुरैशी ,संतोष शर्मा ,तुरेंद्र तुरकर, मुकेश गौतम, पवन पारधी, नन्हे बहेकार ,शिवतारन, चंदू रहांग डाले, एन आर गर्दे,सदाराम रहांगडाले और भी अन्य कार्यकर्ता का उपस्थित रहे।

In The Court Of Manish Kumar Singh, I Civil Judge Senior District Court, Balaghat
Presiding Officer: मनीष कुमार सिंह
(आदेश पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)
(MIC SUC/0000033/2024)
रवि गेडाम......................आवेदक Vs
आम जनता.................अनावेदक
T-1244
Process Id- /2024
पेशी दिनांक :- 22/08/2024
प्रेषिती-
(1) आम जनता - पता निरक
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि गेडाम ने मृतक देवला बाई गेडाम की मृत्यु दिनांक 08-02-2024 को हो चुकी है उनकी सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा लालबर्रा में जमा राशि हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 August 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 August 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 July 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(मनीष कुमार सिंह)
मुद्रा
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट खण्ड
बालाघाट (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## सड़क काटने का नागरिकों ने किया विरोध, नपा ने रुकवाया निर्माण कार्य

# काम्प्लेक्स संचालक सरकारी भूमि पर बना रहा है नाली

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शहर के बीचों बीच गॉधी चौक के पास बने उत्कर्ष काम्प्लेक्स में नियमों की धज्जियां उड़ा कर काम्प्लेक्स संचालक द्वारा शौचालय सहित काम्प्लेक्स के अन्य गंदे पानी की निकासी के लिए सरकारी जमीन पर नाली निर्माण किया जा रहा हैं। जिस पर रहवासियों ने आपत्ति दर्ज करवा कर सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा हैं।

**सडक़ काटकर नाली बनाने का नागरिकों ने किया विरोध:** इस काम्प्लेक्स के बाजू में निवासरत कपड़ा व्यवसायी विजय सुराना, नन्दू करण, योगेश्वरी पटले, अनवर भाई, रामदयाल पात्रे, शबाना अली, शोभा सारंगपुरे, ईश्वरी चौरसिया, अनीस बेग, लता पात्रे सहित अन्य रहवासियों ने बताया कि उनके निवास स्थान के बाजू में स्थित उत्कर्ष काम्प्लेक्स के संचालक द्वारा मुख्य मार्ग की नई नवेली सडक़ से सटकर सरकारी जमीन पर शौचालय और अन्य तरह के गंदे पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा हैं। इस खराब पानी को सरकारी नाली तक पहुँचाने के लिए 6 माह पहले बनी सडक़ को खोदने की तैयारी की जा रही हैं। जिससे यह सडक़ तो खराब होंगी ही, साथ ही इस नाली से बहने वाले काम्प्लेक्स के गंदे पानी की दुर्गंध से आसपास के रहवासी भी प्रभावित होंगे। इस वजह से नागरिकों को गम्भीर बीमारी होने का खतरा बनेगा। नागरिकों ने कहा कि यहाँ पर उक्त नाली बनने का वे लोग विरोध करते हैं। काम्प्लेक्स संचालक को काम्प्लेक्स निर्माण के समय ही इसकी व्यवस्था बनाना चाहिए था।

**नहीं हैं पार्किंग की व्यवस्था:** सनद रहे कि काम्प्लेक्स निर्माण के पूर्व नगरपालिका के समक्ष निर्माण के लिए नक्शा पेश किया जाता हैं। जिसके सम्पूर्ण अवलोकन के बाद जैसे पार्किंग व्यवस्था, किरायदारों एवं ग्राहकों के लिए मूलभूत सुविधाएं शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था हैं या नहीं, देखने के बाद ही निर्माण की अनुमति दी जाती हैं और निर्माण के दौरान समय-समय पर नगरपालिका के इंजीनियर द्वारा मौके पर जाकर नियमोचित कार्य हो रहा हैं या नहीं, इसका भी अवलोकन किया जाता हैं। लेकिन नपा से बमुश्किल 10 मीटर की दूरी पर बने इस काम्प्लेक्स में नपा के तत्कालीन जिम्मेदारों को इतना भी समय नहीं मिला कि वे इसका निरीक्षण कर सके। बताया जा रहा हैं कि उक्त काम्प्लेक्स निर्माण की अनुमति करीब 8 वर्ष पूर्व तत्कालीन जिम्मेदारों द्वारा दी गई थी।

### इनका कहना हैं

रहवासियों द्वारा नपा को उत्कर्ष काम्प्लेक्स के संचालक द्वारा नाली निर्माण किए जाने एवं उससे उत्पन्न होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए कार्य पर तुरंत रोक लगाने आग्रह किया गया था। हमने कार्य पर तुरंत ही रोक लगवा दिया हैं। संचालक किसी भी तरह का नियम विरुद्ध कार्य नहीं कर सकता हैं, आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

**सुमित मोटवानी, सब इंजीनियर नपा वारासिवनी**

हम अपनी भूमि पर ही नाली निर्माण कर रहे हैं, शौचालय के लिए सैप्टिक टैंक बना हुआ हैं। सिर्फ अन्य घरों की तरह काम्प्लेक्स का पानी ही नाली में बहेगा, रहवासियों की आपत्ति के बाद हमने काम बंद कर दिया हैं। विधिवत अनुमति के बाद ही कार्य प्रारंभ होगा।

**उत्कर्ष कासल संचालक उत्कर्ष काम्प्लेक्स**